## सार-समाचार

### विकास कार्यों का लोकार्पण

**मसूदा ।** शिखरानी ग्राम पंचायत क्षेत्र में कराए गए दो करोड रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण शनिवार को जयपुर में किया गया। राजस्थान विधानसभा के पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने आवास पर फीता काटकर विकास कार्यों का उद्घाटन किया। विकास कार्यों का लोकार्पण सामान्यतः उसी स्थान पर किया जाता है, जहां कार्य पूर्ण हुआ हो, परंतु समयाभाव के कारण लोकार्पण के लिए निर्धारित कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह राठौड़ स्वयं उपस्थित नहीं हो सके। इस कारण शिखरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ और मसूदा पंचायत समिति प्रधान मीनू कंवर राठौड़ लोकार्पण से संबंधित शिलालेख लेकर जयपुर पहुंचे। राजेंद्र सिंह राठौड़ ने विकास कार्यों का औपचारिक लोकार्पण किया और क्षेत्र में कराए गए कार्यों की सराहना की। स्थानीय स्तर पर संचालित इन विकास कार्यों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सडक़, नाली निर्माण और सार्वजनिक उपयोग के ढांचे को मजबूत करने से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। लोकार्पण से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना है और क्षेत्र के विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा अजमेर जिला अध्यक्ष कैलाश गुर्जर, हेमराज जाट, अक्षय सिंह, महेंद्र शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### यूवक युवती परिचय सम्मेलन 11 को

**ब्यावर** (निसं) अठावाल समाज प्रचार मंत्री चंद्रेश गर्ग ने बताया कि श्री अठावाल परमार्थ सेवा समिति जयपुर के तत्वावधान में विराट सप्तम वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन 11 जनवरी 2026, रविवार को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस सभा मेंअठावाल समाज अध्यक्ष अमित बंसल ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने तथा समाज बंधुओं से सामाजिक चर्चा करने हेतु सभा को संबोधित करते हुए श्री अठावाल परमार्थ सेवा समिति जयपुर के पदाधिकारिअध्यक्ष अशोक गुप्ता,मुख्य सयोजक दिनेश पोद्दार, महा सचिव जीतेन्द्र गुप्ता, सयोजक महेंद्र गुप्ता, संगठन मंत्री मोहनलाल गुप्ता ने होने वाले परिचय सम्मेलन की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेलन में प्रविष्टि निशुल्क है भोजन व्यवस्था भी रहेगी परिचय सम्मेलन की पुस्तिका भी प्रदान की जाएगी । समाज बंधु अठावाल मारवाड़ी पंचायत अध्यक्षरमेश बंसल, अठावाल माधोपुरिया पंचायत अधक्ष नितेश गोयल, अठावाल सलेमाबादी पंचायत अध्यक्ष आर सी गोयल, अठावाल समाज मंत्री निखिल जिंदल,फतेहपुरिया पंचायत मंत्री श्रवण बंसल, अजय गोयल, प्रेम जिंदल, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक गोयल, मुकेश गर्ग,अतुल बंसल,ओमप्रकाश अठावाल, शांति प्रकाश डानी सतीश गर्ग सतीश सर्राफ सुशील जिंदल सुशील गर्ग नरेंद्र बजारी केशव मित्तल आदि ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया एवं ब्यावर के सभी अठावाल बंधुओं से ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म भरकर होने वाले परीचय सम्मेलन का लाभ उठाने का अनुरोध किया।

### सड़क जाम करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**ब्यावर** (निसं) 05 दिसंबर को शाम के समय पुलिस थाना सदर क्षेत्र मे स्थित मसुदा रोड पाखरियावास घाटा मे एक ट्रेलर नम्बर के चालक द्वारा मोटरसाईकिल के टक्कर मार कर दुर्घटना कारित करने से मोटरसाईकिल सवार महिला जशोदा पत्नी गोविन्द मेहरात निवासी ग्राम चौडसिया की मौके पर मौत हो गयी। घटना के बाद राहत, बचाव व कानून व्यवस्था डयूटी के दौरान मौजुदा भीड द्वारा: आकोशित होकर विरोध प्रदर्शन करके जानबुझकर ब्यावर से मसुदा गोयला जाने वाले राजमार्ग सख्या 26 को जाम करके आमजन के जीवन को सकंट व बाधित किया है। ब्यावर से मसुदा गोयला जाने वाले राज्य राजमार्ग सख्या 26. पर जाम लगाकर राज्य राजमार्ग के सुगम आवागमन को जानबुझकर संकट मे डालने वाले एंव बाधित करने वाले करीब 60-70 व्यक्तियो के विरूध्द पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर द्वारा सुसंगत धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ कर दिया है, जिसमे संलिप्त आरोपीगण के विरूध्द शीघ्रताशीघ्र कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।गौरतलब है की मुआवजे की मांग को लेकर राजमार्ग / लोकमार्ग को अवरूध्द करना कानूनी अपराध है।

# थानागाजी में प्रजापति समाज छात्रावास का भूमि पूजन

■ विधायक ने की 11 लाख की घोषणा, प्रधान ने एक कमरा बनवाकर देने का लिया संकल्प

**अलवर।** थानागाजी में प्रजापति समाज ने छात्रावास भूमि पूजन और प्रतिभा-भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान विधायक कांति प्रसाद मीणा ने छात्रावास निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की, जबकि प्रधान जयप्रकाश प्रजापति ने एक कमरा बनवाने का संकल्प लिया।

प्रजापति विकास समिति थानागाजी के तत्वावधान में 6 और 7 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में समाजबंधुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा। छात्रावास परिसर पूरी तरह खचाखच भर गया, जो समाज की एकजुटता और विकास के प्रति समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति थानागाजी के प्रधान जयप्रकाश प्रजापति ने की। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक और उद्योगपति रोहित प्रजापति उपस्थित रहे। थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

6 दिसंबर को छात्रावास का भूमि पूजन वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। समिति ने बताया कि इस छात्रावास के निर्माण से समाज के विद्यार्थियों को सुरक्षित आवास, बेहतर शैक्षिणक वातावरण और अनुशासित जीवनशैली का अवसर मिलेगा। इसे प्रजापति समाज के स्वावलंबन और शिक्षा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

7 दिसंबर को आयोजित प्रतिभा-भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल, प्रतियोगी परीक्षाओं और सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। समाज के आर्थिक सहयोगियों, जिन्हें भामाशाह कहा जाता है, को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

प्रतापगढ़ तहसील परिक्षेत्र से आगर, पिपलाई, आमका, प्रतापगढ़, हमीरपुर सहित कई गांवों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जीवनराम, सीताराम, कजोड़मल, धारुराम, पवन, गंगाधर, रामनिवास, गिरधारी, अर्जुन, लेखराज, किशोर, मोहनलाल, लच्छुराम, रामकिशन, फैलीराम, सुंदर, अशोक, हनुमान और छाजूराम सहित अनेक समाजबंधुओं का योगदान उल्लेखनीय रहा।

यह आयोजन समाज की जागरूकता, शिक्षा के प्रति समर्पण और संगठन की शक्ति का एक अद्वितीय प्रदर्शन बनकर उभरा। वक्ताओं ने इस छात्रावास को आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज का सबसे बड़ा उपहार बताया।

## स्वर्ण प्राशन शिविर आज

**बारां ।** शहर के सत्संग भवन मार्ग स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चल चिकित्सा इकाई में 8 दिसम्बर को सुबह 9:30 से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क जांच, आयुर्वेदिक चिकित्सा और स्वर्ण प्राशन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को पुष्य नक्षत्र पर स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया जाएगा। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. हरिशंकर मीणा ने बताया कि स्वर्ण प्राशन दवा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती है। शिविर में खांसी, जुकाम, बुखार से प्रभावित बच्चे, बड़े और बुजुर्ग रोगियों को भी आयुर्वेदिक औषधियों से निर्मित दवा किट प्रदान की जाएगी। शिविर में गुदा जन्य व्याधियों जैसे मल त्याग के दौरान खून आना, जलन, कब्ज, बवासीर, मस्सा और भगंदर जैसे रोगों की निशुल्क जांच, परामर्श और औषधि वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही मधुमेह तथा खून की कमी (एनीमिया) से पीड़ित रोगियों की भी निःशुल्क जांच की जाएगी। आयुर्वेद विभाग इस शिविर के माध्यम से आमजन को पारंपरिक चिकित्सा पद्धित के लाभ से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष प्रयास कर रहा है।

## सार-समाचार

### ऋण वसूली के लिए पूर्णकालिक अधिकारी की मांग

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम दक को पत्र लिखकर भीलवाड़ा महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक में जमाकर्ताओं को उनका पैसा लौटाने और फंसे हुए ऋण की प्रभावी वसूली के लिए पूर्णकालिक राजपत्रित अधिकारी को अवसायक नियुक्त करने की मांग की है। विधायक कोठारी ने अपने पत्र में बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंक का लाइसेंस 31 अगस्त 2018 को रद्द किए जाने के बाद 5 सितंबर 2018 को बैंक को अवसायन में लाया गया था। पत्र में बताया कि वर्तमान में अवसायक का अतिरिक्त चार्ज एक निरीक्षक को दिया गया है। निरीक्षक के पास ऑडिट संबंधी फील्ड कार्य की अधिकता है, वह बैंक के वसूली कार्यों को पूर्ण समय नहीं दे पा रहे हैं, जिससे ऋण वसूली प्रभावित हो रही है। विधायक कोठारी ने मंत्री को बकाया राशि का विस्तृत ब्यौरा देते हुए बताया कि जमाकर्ताओं को मूल राशि नवंबर 2025 तक 30 करोड़ 19 लाख15,775 रुपए लौटाने है ।जबकि ऋणी सदस्यों से 49 करोड़ 72लाख 19,793 रुपये एवं ऋण पर ब्याज राशि: 175 करोड़ ,27लाख14,333 रुपये बकाया है। बैंक को ऋणी सदस्यों से लगभग 225 करोड़ रुपये की वसूली करनी बाकी है। कोठारी ने बताया कि राशि का भुगतान न होने से जमाकर्ता काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं और समय-समय पर ज्ञापन भी प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने जमाकर्ताओं को उनकी राशि लौटाने के लिए प्रभावी एवं शीघ्र वसूली हेतु अवसायक की नियुक्ति अति आवश्यक बताते हुए सहकारिता मंत्री से आग्रह किया है कि बैंक की ऋण वसूली को प्रभावी और नियमित बनाने के लिए, वर्तमान निरीक्षक के स्थान पर सहकारिता विभाग से किसी राजपत्रित अधिकारी को अवसायक के पद पर नियुक्त किया जाए ताकि जमाकर्ताओं को राहत मिल सके।

### कार्यकारिणी घोषित

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी रजिस्टर्ड संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विश्वनाथ पाराशर ने संरक्षक मंडल एवं सलाहकार परिषद से विचार विमर्श के बाद अपनी दो वर्षीय कार्यकारिणी घोषित की है जिसमें अमिताभ जोशी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं लेखक डॉ. दीप्ति धारीवाल सहित वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार शर्मा, बृजेश शर्मा, महेश जोशी, कपिल कुमार शर्मा, डॉ. अशोक सोडाणी को उपाध्यक्ष बनाया गया है । शहजाद खान को महासचिव एवं सत्यदेव पाराशर को कोषाध्यक्ष का पद भार दिया गया है, इसके साथ ही सोसायटी को और अधिक गतिशील एवं प्रभावी बनाने के लिए सुभाष माथुर, अंकुर पारीक, दयाराम दिव्य, महेश भारद्वाज को सचिव तथा सुरेश डोरिया को सहसचिव एवं मोहम्मद शमशाद खान को प्रचार सचिव बनाया गया है, कार्यकारिणी में अनिल जोशी, राकेश सोनी, करण सिंह गोखरू, राजेंद्र सिंह हाड़ा एवं शब्बीर खां पठान को सदस्य मनोनीत किया गया है । अध्यक्ष पाराशर ने बताया कि कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में सभी सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र,आई कार्ड, वी कार्ड एवं वाहन स्टीकर जारी किए जाएंगे तथा द्वितीय चरण में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तहसील स्तर पर प्रेस सोसायटी का गठन भी किया जाएगा । पाराशर ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकारों के मार्गदर्शन के लिए प्रेस सोसायटी की सलाहकार परिषद का पुनर्गठन किया जाना भी प्रस्तावित है ।

### भैरव धाम के चंपालाल महाराज व मंत्री गहलोत श्री श्याम गौशाला में करेंगे सेवा कार्य

**अजमेर ।** राजगढ़ भैरव धाम के मुख्य उपासक चंपालाल महाराज और कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत सोमवार को श्री श्याम गौशाला में सेवा कार्य करेंगे। गौशाला के सचिव हिमांशु टांक ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और पंचायती राज कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पालरा की श्री श्याम गौशाला प्रात: 9 बजे राजगढ़ भैरव धाम के मुख्य उपासक चंपालाल महाराज और मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा सेवा कार्य किए जाएंगे। गौशाला के संयोजक पंडित राजेन्द्र दाधीच ने बताया कि गौशाला परिसर में अनाथ बच्चों को गर्म वस्त्र का वितरण, बेघर जीवन यापन करने वालों को कंबल का वितरण, गौशाला की गायों को गुड, चारा, रिजका, लापसी, पौधारोपण और गौ माता का पूजन होगा। इस अवसर पर श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के मुख्य संरक्षक कालीचरण दास खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष चेतन सैनी, गौ शाला के प्रधान बीरम सिंह रावत, पालरा प्रधान सीमा, अर्जुन सिंह रावत आदि उपस्थित रहेंगे।

### सांवरिया सेठ को लगाया छप्पन भोग

**भीलवाड़ा।** श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट नौगांवा की ओर से रविवार को भगवान सांवरिया सेठ का भव्य श्रृंगार किया गया। इस मौके पर भगवान को बालचंद लव कुश काबरा की ओर से छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया भगवान का श्रृंगार पंडित दीपक आनंद पाराशर एवं पंडित प्रकाश शर्मा ने किया। इस मौके पर एक से बढ़कर एक सांवलिया सेठ के भजन पेश किए गए। सांवरिया सेठ दे दे नौगांवा का मालिक दे दे भजन पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि 21 दिसंबर को भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। मेवाड़ प्रसिद्ध गुंजन साउंड रायला के गायक कलाकार सत्तू भाई एक से बढ़कर एक भजन पेश करेंगे। भगवान को पोष बड़े दाल ढोकले का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। 26 मार्च को मंदिर परिसर में जोधपुर के गवर्नमेंट श्री राधा कृष्ण महाराज के श्री मुख से भागवत कथा होगी जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। सांवरिया सेठ मंदिर में छप्पन भोग के बाद राकेश काबरा और सारिका काबरा ने अपनी 25वीं विवाह वर्षगांठ और जन्मदिन को एक यादगार और सार्थक रूप दिया।

## सैटेलाइट हॉस्पिटल के निर्माण कार्य का निरीक्षण

**अजमेर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को कोटड़ा स्थित निर्माणाधीन सैटेलाइट हॉस्पिटल के भवन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का आकलन किया।

देवनानी ने निर्माणाधीन परिसर के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर की बाउंड्री वॉल को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित एवं निर्माणित किया जाए तथा संपूर्ण निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इससे भविष्य में अस्पताल भवन सुरक्षित, मजबूत एवं दीर्घकालीन उपयोग योग्य सिद्ध हो सकेगा।

# 38वीं अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

■ जो समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है साथ ही खेलों में भाग लेना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है

**अजमेर,** 7 दिसंबर(कास)।एमडीएस यूनिवर्सिटी अजमेर में 38वीं अंतर महाविद्यालयी महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत रविवार से हुई है । प्रतियोगिता के शुरू होने के अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुभाष चंद्र ने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी खेलों में बढ़ रही है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है साथ ही खेलों में भाग लेना न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और अनुशासन भी सिखाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस दौरान प्रो नरेश धीमान , डॉ संजय तोमर,राम कुमार चौधरी , डॉ. कुलदीप सिंह , डॉ शायना शेरानी आदि उपस्थित रहे ।

साथ ही छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुभाष चंद्र ने बताया कि प्रथम क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सोफिया कॉलेज अजमेर ने एसआरके पाटनी महिला महाविद्यालय को 37-11 को हरा सेमी फाइनल में प्रवेश किया ।इसी तरह एसएमएम भीलवाड़ा ने एसएनडीबल्यू पीटीटी कॉलेज भीलवाड़ा को 39-11 से हराया । बांगड़ गर्ल्स कॉलेज डीडवाना ने आरआईई अजमेर को 22-10 से हराया तथा बांगड़ कॉलेज डीडवाना ने एसपीजीसी अजमेर को 39-4 से हरा सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया ।

खेल सचिव डॉ तपेश्वर कुमार ने बताया कि सेमीफाइनल मैच सोफिया कॉलेज अजमेर बनाम बांगड़ गर्ल्स कॉलेज डीडवाना व दूसरा सेमीफाइनल एसएमएम भीलवाड़ा व राजकीय बांगड़ कॉलेज डीडवाना के मध्य सोमवार सुबह 10 बजे से खेले जाएंगे। खिलाड़ियों की ट्रायल्स सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद होगी और फाइनल मुक़ाबला दोपहर बाद होगा ।

## फेरी वालों से राहगीर दुखी

**भीलवाड़ा।** शहर के मुख्य बाजारों में लगने वाले फेरी वालों के सामान से होने वाली परेशानियों को लेकर स्थानीय व्यापारी ने जोरदार तरीके से रविवार को प्रदर्शन किया। दरअसल रेलवे स्टेशन से लेकर सूचना केंद्र चौराहा तक सभी बाजार की गलियों में फेरी वालों की ओर से ऐसे दुकान लगाई जाती है। सडक पर उनके चलते स्थानीय व्यापारियों की दुकान पर आने-जाने का रास्ता भी बंद हो जाता है। ऐसे में रविवार के दिन ना तो स्थाई व्यापारी अपने दुकान खोल पाते हैं।

# कार्तिक मीणा सम्मानित

**टोंक।** जिला गौरव सम्मान समारोह समिति टोंक द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के द्वारा सफल युवाओं को कृषि ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विशेष सानिध्य धन्ना भगत पीठाधीश्वर बजरंग देवाचार्य, महामण्डलेश्वर बालकानंद गिरी, श्री श्री शंकर गिरी, राजाराम गिरी ने सभी प्रतिभागियों को विशेष आर्शीवाद दिया। इस समारोह में जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष के नव-निर्वाचित अध्यक्ष कार्तिक मीणा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्तिक मीणा ने सभी संतों से आर्शीवाद लेने के बाद अपने उद्बोधन में युवाओं को आगे बढऩे की प्रेरणा देते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, अगर मन में जज्बा है, दृढ़ निश्चय है तो सफलता आपके कदमों में होगी। टोंक जिला गौरव सम्मान समारोह समिति एवं कार्यक्रम के संयोजक हरिराम किंवाड़ा ने सफल कार्यक्रम करवाकर युवाओं को आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी रहे एवं समारोह की अध्यक्षता न्यायाधीश डॉ. राजेन्द्र सिंह चौधरी ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, जिला कलेक्टर कल्पना अठावाल, उपखंड अधिकारी टोंक एवं कई वरिष्ठ अधिकारी समारोह में मौजूद रहे।

# पत्रकार पैंथर्स ने जीता इंटर मीडिया क्रिकेट का खिताब

■ आशीष व्यास चमके- अजमेर में टूर्नामेंट का रोमांचक समापन

**अजमेर।** चंद्रवरदाई स्टेडियम में सातवीं इंटर मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांच अपने चरम पर रहा। फाइनल मुकाबले में पत्रकार पैंथर्स ने दबंग पत्रकार को 7 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी पैंथर्स टीम ने दबंग पत्रकार को 136 रन पर रोक दिया। गेंदबाजी में किशोर सोलंकी ने 4 ओवर में 15 रन देकर 2 विकेट हासिल किए, जबकि कप्तान अशोक सिंह भाटी, राहुल गोयल और देवेंद्र ने एक-एक विकेट लिया। दबंग पत्रकार की ओर से अमित शर्मा ने 39 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्रकार पैंथर्स ने दमदार बल्लेबाजी दिखाई और 17 ओवर में मैच जीत लिया। टीम के स्टार बल्लेबाज आशीष व्यास ने नाबाद 51 रन बनाकर मैच अपनी टीम की ओर मोड़ा और मैन ऑफ द मैच बने। मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन का खिताब जॉर्नलिस्ट रॉयल्स के संदीप धाबाई को मिला, जिन्होंने टूर्नामेंट में 3 मैचों में 222 रन बनाए। बेस्ट बॉलर का अवार्ड दबंग पत्रकार के अमित शर्मा को और बेस्ट फील्डर का अवार्ड पत्रकार पैंथर्स के नितेश को दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजमेर उत्तर के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, विशेष अतिथि के रूप में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष मनीष शर्मा और सचिव गोविंद उपाध्याय मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर वासुदेव देवनानी ने स्टेडियम का निरीक्षण भी किया और सुविधाओं के उन्नयन तथा रख-रखाव की कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया जगत पिछले सात वर्षों से खेल भावना, आपसी सहयोग और टीम वर्क को मजबूत करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। ओम प्रकाश भडाणा ने कहा कि मीडियाकर्मी अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच खेल के माध्यम से नई ऊर्जा प्राप्त कर रहे हैं, जो प्रशंसनीय है। जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष मनीष शर्मा और सचिव गोविंद उपाध्याय ने भी इस टूर्नामेंट की प्रशंसा की और सहयोग जारी रखने की बात कही।

# नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

■ चिकित्सा दल द्वारा 83 बड़े एवं 20 छोटे पशुओं की जांच और उपचार किया गया

**मसूदा ।** राजकीय पशु चिकित्सालय केलू (मसूदा) की ओर से ग्राम देवगढ़ में एक दिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा और बांझपन निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने पशुओं का उपचार कराकर आवश्यक दवाइयों का लाभ लिया। चिकित्सा दल द्वारा 83 बड़े एवं 20 छोटे पशुओं की जांच और उपचार किया गया। शिविर के साथ मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा कैंप भी आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से दुधारू गाय, भैंस, भेड, बकरी और ऊंटों का निःशुल्क बीमा किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य पशु मृत्यु की स्थिति में पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध करवाना है।

वर्ष 2025-26 हेतु पंजीकरण 21 नवम्बर 2025 से मोबाइल एप 'मंगला पशु बीमा योजना 25-26' और पोर्टल के माध्यम से शुरू किया जा चुका है। इच्छुक जनाधार कार्ड धारक पशुपालक स्वयं या ई-मित्र केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जा रही है तथा लक्ष्य पूर्ण होने पर पोर्टल स्वतः बंद हो जाएगा। मसूदा ब्लॉक के लिए निर्धारित 4537 पशुओं के लक्ष्य में से अब तक ग्राम केलू, जोरावरपुरा, रूपपुरा, देवगढ़, देवमाली और शिखरानी में कुल 201 पशुओं का बीमा किया जा चुका है। शिविर के दौरान ग्राम देवगढ़ के नाथूराम और पुखराज को उनके प्रत्येक पशु के लिए 40 हजार रुपये की बीमा पॉलिसी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के सफल संचालन में ब्लॉक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सुवासिया, पशुधन निरीक्षक हेमराज कुम्हार, जीवराज, पशु परिचर दिनेश खाती तथा ग्रामवासी राधाकिशन, देवकरण, धर्मा, जीवन और रामा का सहयोग उल्लेखनीय रहा। शिविर ने क्षेत्र के पशुपालकों में पशु स्वास्थ्य, रोग निवारण और बीमा सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पुष्कर बार एसोसिएशन के चुनाव 12 को

**पुष्कर,** ।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव 12 दिसंबर को आयोजित होंगे, क्योंकि अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला है। मालूम हो कि अन्य पदों उपाध्यक्ष, सचिव सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्विरोध निर्वाचित हो गए। विधिवत घोषणा अध्यक्ष के चुनाव परिणाम के बाद होगी। पुष्कर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला है। मैदान में इस बार जगदीश चौधरी, मदन लाल एवं अर्जुन सिंह ने दावेदारी जताते हुए नामांकन दाखिल किया। नामांकन वापसी के आखिरी दिन तक तीनों में से एक भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया है, ऐसे अब तीनों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी एस के चौधरी ने बताया कि अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मतदान 12 दिसंबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसके तत्काल बाद मतगणना कर परिणाम घोषित होंगे।

## वन विस्तार में डीएमएफटी फंड से सुधार कार्य कराने की मांग

**भीलवाड़ा।** पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने स्मृति वन, स्मृति वन विस्तार तथा नेहरु तलाई व उद्यान की बिगड़ती स्थिति पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू एवं नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल को स्पीड पोस्ट के माध्यम से पत्र भेजकर व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। जाजू ने बताया कि स्मृति वन का पाथ-वे अत्यधिक वर्षा के कारण उबड़-खाबड़ हो चुका है तथा दोनों ओर लगे कर्व स्टोन टूट रहे हैं, कई स्थानों पर सुरक्षा दीवार क्षितग्रस्त है। जाजू ने मांग की कि पाथ-वे पर लेटराइट मिट्टी डालकर उसे समतल किया जाए, कर्व स्टोंज की मरम्मत एवं रंगरोगन किया जाये, टूटी सुरक्षा दीवार को ठीक किया जाए तथा साइकिल ट्रैक की मरम्मत कर पुनः सही किया जाए। जाजू ने यह भी बताया कि स्मृति वन विस्तार में हाल ही में 5 हजार पौधों का रोपण किया गया है।

# घुमंतू बच्चों के छात्रावास में उमंग का संचार

■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह व्यवस्था प्रमुख विजय भाई ने बढ़ाया हौसला

**भीलवाड़ा।** श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास की ओर से अंबेडकर नगर में संचालित गुरु श्री कानिफनाथ घुमंतू छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों के शैक्षिणक और सांस्कृतिक स्तर को निरंतर बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख विजय भाई ने रविवार को छात्रावास का विशेष निरीक्षण किया और बच्चों को आशीर्वाद दिया।

**अभिभावकों को निरंतर जोड़ने पर बल :** प्रन्यास के सदस्यों और छात्रावास संचालन समिति के साथ एक विशेष बैठक लेते हुए विजय भाई ने कहा कि घुमंतू जाति के बच्चों के अभिभावकों को निरंतर छात्रावास में बुलाकर उन्हें सभी गतिविधियों और बच्चों की प्रगति से अवगत कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों के स्तर को लगातार ऊँचा उठाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की

**बच्चों ने सुनाए ओजस्वी और भक्ति गीत :** छात्रावास के अवलोकन के दौरान 7 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों ने अपने प्रदर्शन से विजय भाई को अभिभूत कर दिया। बच्चों ने "नीला घोड़ा रा असवार मारा मेवाडी सरदार" जैसा ओजस्वी गीत और "राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी..." जैसे भक्ति गीत प्रस्तुत किए। इसके साथ ही उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। विजय भाई ने पिछले तीन वर्षों से छात्रावास में रह रहे बच्चों के अनुभवों और उनमें आए सकारात्मक बदलावों को जाना। उन्होंने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि निकट भविष्य में वे सभी श्रेष्ठ व्यक्ति बनेंगे, जिसके लिए उन्हें अपनी पढ़ाई के स्तर को और बेहतर बनाना होगा। बैठक की अध्यक्षता प्रन्यास के अध्यक्ष हीरालाल टेलर ने की, जबकि सचिव रवींद्र मानसिंहका ने विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस दौरान राजकुमार बंब, विनोद मेलाना, गोविंद प्रसाद सोडाणी, गणेश सुथार, रितेश मल्होत्रा, और डॉ. शंकर लाल माली ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार साझा किए। विजय भाई ने छात्रावास और भोजनालय का अवलोकन करते हुए प्रन्यास की गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आंवटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वी राज नगर योजना के आवासीय/भूखण्ड सख्या C-108 क्षेत्रफल 311.11 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति जयकिशन पुत्र टहलराम सिंधी निवासी शिवसागर कॉलोनी गली न 4 वैशाली नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 16/9/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिर्पाट सलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1) श्रीमती वर्षा मामनानी पत्नि स्व जयकिशन (2) गिरीश मामनानी पुत्र स्व जयकिशन (3) लविना मामनानी पुत्री स्व जयकिशन निवासी शिवसागर कॉलोनी गली न 4 वैशाली नगर अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के सबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टेलीफोन नम्बर- 01462-230051 | गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर | ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/3625 | आपत्ति आमन्त्रित सूचना | दिनांक: 24-9-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | क्षेत्र | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | ममताग्रो फुड प्राईवेट लिमिटेड जरिए डायरेक्टर श्री सुजीत सांखला पुत्र श्री उमरावसिंह सांखला, श्री सीताराम पाराशर पुत्र श्री ब्रिज मोहन, श्रीमती आशा सोनी पत्नी श्री तरूण कुमार | जैन कॉलोनी बरल द्वितीय के खसरा नम्बर 806 में भूखण्ड संख्या 17 के पूर्व दिशा की ओर स्थित खांचा भूमि। | 132.86 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढसूक पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक: ग्रा प ढसूक/ई-निविदा/2025-26/146 | दिनांक: 5-12-2025

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 04/2025-26

कार्यकारी संस्था ग्राम पंचायत ढसूक पंचायत समिति अंराई में विधायक मद योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत ढसूकं के ग्राम बालापुरा ग्राम पंचायत ढसुक में रामधन रेबारी के मकान से बस स्टैंड की ओर सी.सी रोड़ मय नाली निर्माण कार्य, हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक- 05.12.2025 को दोपहर 1.30 बजे से दिनांक 15.12.2025 को सायं 06 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http:// www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। NIB Code UBN is: ZAJ2526WSRC01588 andTender ID 2025_PRD_517918_1 उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

प्रशासक, ग्राम पंचायत ढसूक पंचायत समिति अरांई, अजमेर | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ढसूक पंचायत समिति अरांई, अजमेर

